## कोचिंग सेंटर्स के लिए नए दिशा-निर्देश


केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने भ्रामक विज्ञापनों पर रोक लगाने के लिए कोचिंग सेंटर्स के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए है।

### प्रमुख बिंदु

- केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (CCPA) के अनुसार कोचिंग सेंटर अब ऐसे झूठे दावे नहीं कर सकते जो उपभोक्ताओं को गुमराह कर सकते हैं।
- सीसीपीए ने भ्रामक विज्ञापन के लिए विभिन्न कोचिंग केंद्रों को 45 नोटिस जारी किए हैं। और **18 कोचिंग संस्थानों पर 54 लाख 60 हजार का जुर्माना** लगाया है और उन्हें भ्रामक विज्ञापन बंद करने का निर्देश दिया है।
- ये गाइडलाइन एकेडमिक सपोर्ट, एजुकेशन, गाइडेंस और ट्यूशन सर्विस से जुड़े सभी संस्थान, कोचिंग सेंटर्स और ऑर्गनाइजेशन पर मान्य होगी।
- **प्रवर्तन और दंड:** इन दिशा-निर्देशों का कोई भी उल्लंघन, **उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019** का उल्लंघन माना जाएगा। और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का अधिकार केंद्रीय प्राधिकरण के पास होगा।

**दिशा-निर्देश की मुख्य बातें:**

- कोचिंग सेंटर्स अपने कोर्सेज, उनकी अवधि, फैकल्टी, फी स्ट्रक्चर, सिलेक्शन रेट, एग्जामिनेशन रैंकिंग और रिफंड पॉलिसी को लेकर झूठे वादे नहीं कर सकते।
- कोई भी कोचिंग सेंटर जॉब सिक्योरिटी और सैलरी बढ़ने की गारंटी नहीं दे सकता।
- कोचिंग सेंटर्स **बिना लिखित कंसेंट के टॉपर्स का नाम, फोटो और टेस्टिमोनियल इस्तेमाल नहीं** कर सकेंगे। अगर कोई कोचिंग सेंटर किसी टॉपर का नाम अपने प्रमोशन के लिए इस्तेमाल करना चाहता है तो उसे कैंडिडेट के सिलेक्शन के बाद उसकी लिखित परमिशन लेनी होगी।
- कोचिंग सेंटर्स को अपने **कोर्सेज से जुड़ी सभी जरूरी जानकारी स्टूडेंट्स** को बतानी होगी।
- ये गाइडलाइंस काउंसलिंग, स्पोर्ट्स और क्रिएटिव एक्टिविटीज के लिए नहीं हैं।
- कोचिंग सेंटर्स को अपनी सर्विस, फैसिलिटी, रिसोर्सेज और इंफ्रास्ट्रक्चर की जानकारी देनी होगी।
- कोचिंग सेंटर्स को बताना होगा कि उनका कोर्स AICTE, UGC जैसी किसी अथॉरिटी से मान्यता प्राप्त है या नहीं।




## बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

सर्वोच्च न्यायालय ने बुलडोजर कार्रवाई पर अपना फैसला सुनाते हुए दिशा-निर्देश जारी किए है।

### प्रमुख बिंदु

- सर्वोच्च न्यायालय ने बुलडोजर कार्रवाई पर ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए मनमानी कार्रवाई पर रोक लगाई है।
- न्यायालय ने **निर्धारित कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना मनमाने ढंग से बुलडोजर चलाने की कार्रवाई को कानून विहीनता और अराजकता** करार दिया है।

**दिशा-निर्देश की मुख्य बाते :**

- न्यायालय के अनुसार घर या कोई **जायदाद तोड़ने से पहले कम से कम 15 दिन का नोटिस** देना होगा।
- अवैध निर्माण को ध्वस्त करने का आदेश देने के बाद संबंधित व्यक्ति को 15 दिन का समय दिया जाए, ताकि वह स्वयं इसे ध्वस्त कर सके या हटा सके।
- शो कॉज नोटिस के बिना कोई प्रॉपर्टी नहीं गिराई जाएगी।
- नोटिस में **प्रॉपर्टी गिराने की वजह, इसकी सुनवाई का समय और अधिकारी की जानकारी** शामिल होगी।
- प्रॉपर्टी गिराए जाने की कार्रवाई की वीडियोग्राफी की जाए। इसे सुरक्षित रखा जाए और कार्रवाई की रिपोर्ट म्युनिसिपल कमिश्नर को सौंपी जाए
- बुलडोजर एक्शन का आदेश जारी करने पर इसके खिलाफ अपील का समय दिया जाना चाहिए।
- ये गाइडलाइन **अवैध अतिक्रमण, जैसे सड़कों या नदी के किनारे पर किए गए अवैध निर्माण के लिए नहीं** है।
- रजिस्टर्ड पोस्ट के जरिए कंस्ट्रक्शन के मालिक को नोटिस भेजा जाएगा और दीवार पर भी चिपकाया जाएगा।
- कलेक्टर और डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट को भी जानकारी दी जाएगी।
- ऑर्डर को डिजिटल पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।
- अगर कोई अफसर गाइडलाइन का उल्लंघन करता है तो वो अपने खर्च पर दोबारा प्रॉपर्टी का निर्माण कराएगा और मुआवजा भी देगा।

## युद्ध अभ्यास

**तटीय रक्षा अभ्यास 'सी विजिल-24'**

- भारतीय नौसेना 'पैन-इंडिया' तटीय रक्षा अभ्यास 'सी विजिल-24' के **चौथे संस्करण** का संचालन 20 और 21 नवंबर 2024 को करेगा ।
- अभ्यास में **6 मंत्रालय और 21 संगठन** / एजेंसियां शामिल होंगी।
- इस वर्ष, पहली बार राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय के अधिकारी भी भारतीय नौसेना के नेतृत्व वाली सीडीएसआरई टीमों का हिस्सा होंगे।
- **मुख्य फोकस:** इस अभ्यास में तटीय संपत्तियों जैसे बंदरगाहों, तेल रिगों, सिंगल पॉइंट मूरिंग्स, केबल लैंडिंग पॉइंट्स और तटीय आबादी सहित महत्वपूर्ण तटीय बुनियादी ढांचे की सुरक्षा को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।
- **लक्ष्य:** अभ्यास का लक्ष्य उद्देश्य तटीय समुदायों के बीच समुद्री सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।
- वर्ष 2018 में संकल्पित, सी विजिल को **26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों के बाद** तटीय रक्षा को मजबूत करने के लिए अपनाए गए उपायों को मान्य करने और बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया था।

## चर्चित व्यक्तित्व - खेल

**मुनाफ पटेल**

पूर्व तेज गेंदबाज मुनाफ पटेल को **दिल्ली कैपिटल्स का बॉलिंग कोच** बनाया गया है।

उन्होंने दिल्ली की फ्रेंचाइजी में पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर जेम्स होप्स का स्थान लिया है।



वह 2011 का वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे हैं।

हेमंग बदानी टीम के हेड कोच, जबकि वेणुगोपाल राव क्रिकेट के डायरेक्टर बने हैं।

## चर्चित व्यक्तित्व - नियुक्ति

**अरविंदर सिंह साहनी**

उन्हें **इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (IOC) के नए चेयरमैन** के रूप में नियुक्त किया गया है।

वह वर्तमान में IOC में पेट्रोकेमिकल्स विभाग में बिजनेस डेवलपमेंट के कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यरत हैं।

भारत में पहली ऑयल रिफाइनरी असम के **डिगबोई** में **1901** में स्थापित की गयी थी।

1958 में भारत सरकार ने सोवियत संघ और रोमानिया की मदद से इंडियन रिफाइनरी लिमिटेड की शुरुआत की थी, जिसका बाद में इंडियन ऑयल कंपनी में विलय हो गया, जो इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन बनी।



## चर्चित व्यक्तित्व - निधन

**वरदारा कमलाकर राव**



वह **मृदंगम** के दिग्गज कलाकार और विद्वान थे, उनका हाल ही निधन हो गया।

वह 88 वर्ष के थे।

उन्हें **केंद्रीय संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार** से सम्मानित किया गया था।

मृदंगम, दक्षिण भारत का एक थाप यंत्र है और कर्नाटक संगीत का प्राथमिक ताल यंत्र है।

## खेल

**ICC प्लेयर ऑफ द मंथ**

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने 'प्लेयर ऑफ द मंथ' की घोषणा की।

**प्रमुख बिंदु**

- पाकिस्तान के स्पिनर बॉलर **'नोमान अली'** को पुरुष वर्ग में, जबकि न्यूजीलैंड की स्टार ऑलराउंडर **'अमेलिया केर'** को महिला वर्ग में अक्टूबर महीने का 'प्लेयर ऑफ द मंथ' अवॉर्ड दिया गया है।
- किसी पाकिस्तानी खिलाड़ी ने एक साल से ज्यादा समय के बाद यह अवॉर्ड हासिल किया है। बाबर आजम ने पिछले साल अगस्त में यह अवॉर्ड जीता था।



## महत्वपूर्ण दिन/तारीख

**14 नवंबर**

**बाल दिवस**



- भारत में हर साल 14 नवंबर को 'बाल दिवस' (चिल्ड्रेन डे) के रूप में मनाया जाता है।
- इस दिन भारत के पहले प्रधानमंत्री **पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती** होती है।
- प्रधानमंत्री नेहरू की मृत्यु के बाद यानी **1964** के बाद संसद ने उनके जयंती को देश में आधिकारिक बाल दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव पारित किया था। तब से देश में 14 नवंबर को ही बाल दिवस मनाया जाता है।
- **इस वर्ष की थीम:** "हर बच्चे के लिए, हर अधिकार"
- **नोट:** विश्व बाल प्रत्येक वर्ष 20 नवम्बर को मनाया जाता है।

## अन्य राज्यों से महत्वपूर्ण समसामयिकी:

**कर्नाटक**

- अमेजन ने बेंगलुरु में अपना पहला निशुल्क **'अमेजन फ्यूचर इंजीनियर मेकरस्पेस'** लॉन्च करने की घोषणा की है।
- इस पहल का उद्देश्य **2025 तक** कम आय वाले परिवारों के **5वीं से 12वीं कक्षा** के लगभग 4,000 छात्रों को **रोबोटिक्स, एआई और 3डी प्रिंटिंग** में व्यावहारिक शिक्षा देकर सशक्त बनाना है।
- छात्रों को इनोवेटिव टेक्नोलॉजिकल स्किल्स दी सिखाई जाएंगीं।

**उत्तराखंड**

- उत्तराखंड में दीपावली के 11वें दिन एकादशी पर इगास लोकपर्व यानी बूढ़ी दीपावली मनायी जाती है।

- इस वर्ष यह 12 नवंबर को मनायी गयी है।
- **भैलो खेल** इस पर्व का मुख्य आकर्षण है. इस खेल में चीड़ की लकड़ी से बने मशाल जैसे भैलो जलाए जाते हैं।
- इस पर्व का उद्देश्य पुरानी परंपराओं का सम्मान और सांस्कृतिक धरोहर को जिंदा रखना है।

❍❍❍❍

ONLYIAS BY PHYSICS WALLAH